पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर बांय

अनुवान राजेन्द्र बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना–पत्र संख्या – 193 / 2025

निर्णय दिनांक 26/06/25.............

राजेन्द्र पुत्र राधाकिशन जाति कलाल निवासी बांय तहसील तारानगर जिला चूरू

प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

–::निर्णय::–

प्रार्थी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर बांय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि खाता संख्या 694 खसरा सं. 122 तादादी 0.4805 हैक्ट. खसरा नं. 1544 / 129 तादादी 2.7566 हैक्ट., खसरा नं. 1546 / 136 तादादी 1.1797 हैक्ट., खसरा नं. 1547 / 978 तादादी 2.5922 हैक्ट., खसरा नं. 1549 / 416 तादादी 1.7577 हैक्ट. खरसा नं. 1552 / 1204 तादादी 2.1244 हैक्ट. भूमि रोही ग्राम बांय में दर्ज रिकॉर्ड है। जिसमें प्रार्थी का नाम राजू पुत्र राधाकिशन दर्ज है जो कि गलत है सही नाम राजेन्द्र पुत्र राधा किशन जाति कलाल है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि नाम शुद्धि कर दर्ज करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट में संबंधित पटवारी हल्का ने प्रार्थी का नाम राजेन्द्र पुत्र राधा किशन जाति कलाल निवासी बांय किये जाने की अभिशंषा की गई है।

अतः कृषि भूमि रोही ग्राम बांय तहसील तारानगर के खाता संख्या694 खसरा सं. 122 तादादी 0.4805 हैक्ट. खसरा नं. 1544 / 129 तादादी 2.7566 हैक्ट., खसरा नं. 1546 / 136 तादादी 1.1797 हैक्ट., खसरा नं. 1547 / 978 तादादी 2.5922 हैक्ट., खसरा नं. 1549 / 416 तादादी 1.7577 हैक्ट. खरसा नं. 1552 / 1204 तादादी 2.1244 हैक्ट. भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम राजू पुत्र राधाकिशन Delete कर इसके स्थान पर राजेन्द्र पुत्र राधा किशन अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 26/06/25............ को कैम्प कोर्ट बांय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

Rajendra

(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)